पत्रांक–बि0क0च0आ0–प्र0–03/परीक्षा (विज्ञापन)–49/2025
बिहार कर्मचारी चयन आयोग,
पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14

शुद्धि पत्र

ज्ञापांक–3279/आ0. पटना, दिनांक–25.8.2025

आयोग के आवश्यक सूचना ज्ञापांक–2984/आ0, दिनांक–04.08.2025 द्वारा कार्यालय परिचारी/परिचारी (विशिष्ट) पद हेतु विज्ञापन संख्या–06/25 प्रकाशित की गयी है।

उक्त विज्ञापन की कंडिका–7 (परीक्षा शुल्क) में सामान्य वर्ग/पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग के पुरूष अभ्यर्थी एवं बिहार राज्य के बाहर के सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों (पुरूष/महिला) हेतु परीक्षा शुल्क 540 रूपये, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (बिहार के स्थायी निवासी के लिए), सभी श्रेणी के दिव्यांगों के लिए (अनु0 जाति/जनजाति के समान) एवं सभी श्रेणी की महिलायें (सिर्फ बिहार के स्थायी निवासी के लिए) परीक्षा शुल्क की राशि 135 रूपये अंकित है।

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या–15568, दिनांक–21.08.2025 द्वारा परीक्षा शुल्क के रूप में प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए मात्र रू0 100/– (एक सौ रूपये) निर्धारित की गयी है।

उक्त के आलोक में विज्ञापन की कंडिका–7 (परीक्षा शुल्क) को संशोधित करते हुये प्रत्येक अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा शुल्क की राशि मात्र रू0 100/– (एक सौ रूपये) निर्धारित की जाती है।

विज्ञापन को इस हद तक संशोधित समझा जाए। विज्ञापन की शेष कंडिकायें यथावत् रहेंगी।

अभ्यर्थी अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट https://bssc.bihar.gov.in का सतत् अवलोकन करते रहें।

25/08/2025

सचिव
बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।